अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के सहयोग से परियोजनाओं का कार्यान्वयन

5886. **श्री अजीत जोगी:** क्या **श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या देश में अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के तकनीकी सहयोग से 22 परियोजनायें कार्यान्वित की जा रही हैं और 5 अन्य परियोजनायें कार्यान्वयन हेतु विचाराधीन हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) इन परियोजनाओं को किन-किन स्थानों पर कार्यान्वित किया जा रहा है अथवा कार्यान्वित किये जाने का प्रस्ताव है और इनसे क्या-क्या लाभ होंगे?

श्रम मंत्री (श्री पी०ए० संगमा): (क) वर्तमान में, अं०श्र०सं० के तकनीकी सहयोग से तेरह परियोजनाएं कार्यान्वयन की विभिन्न अवस्थाओं में हैं और दो परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं।

(ख) और (ग) इन परियोजनाओं के ब्यौरे दर्शानेवाला एक विवरण संलग्न है **(नीचे देखिए)** ऐसी परियोजनाएं सामान्यतया संस्थानों के उन्नयन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास, कार्यजीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाकर, आय और रोजगार सृजन करने वाले कार्यक्रमों के सुदृढ़ीकरण, महिला कर्मकारों की स्थिति में वृद्धि करके और बाल श्रम आदि को क्रमिक रूप से समाप्त करने के लिए नीतियां बनाने और कार्यान्वित करने के लिए केन्द्रीय और राज्य सरकारों की सामर्थ्यका सुदृढ़ीकरण करके लाभ प्रदान करती हैं।

विवरण

I-प्रचालित परियोजनाएं

क्र०सं०	परियोजना संख्या और नाम	कुल बजट (अमरीकी डालर 000 में)	परियोजना स्थल
1.	ईंड/09/041: बम्बई और कानपुर स्थित उच्च प्रशिक्षण संस्थानों में एन०सी०/सी०एन०सी० प्रशिक्षण सुविधाएं स्थापित करना	825	बम्बई और कानपुर
2.	इंड/91/026: धातु और प्लास्टिक उद्योग सेवा और प्रशिक्षण केन्द्र	2012	गोवा
3.	इंड/91/076: मद्रास पोर्ट ट्रस्ट में गोदी कर्मकार प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना	604	मद्रास
4.	इंड/83/05/डैनः पुरुलिया जिले में रोजगार और आय-सृजन अवसरों को बढ़ावा देना	376	पुरुलिया जिला, पश्चिम बंगाल
5.	आई०एन०डी०/84/02/डी०ए०एन०: महिला संगठनों के माध्यम से बंजर भूमि विकास	585	पश्चिम बंगाल
6.	आई०एन०डी०/86/एम० 2/डी०ए०एन०: तमिलनाडु राज्य के ग्रामीण निर्धनों के लिए आय तथा रोजगार अवसरों को प्रोत्साहन (पायलट परियोजना)	1497	जिला-धर्मापुरी, तमिलनाडु
7.	आई०एन०डी०/87/एम० 3/एन०ई०टी०: महिला संगठलनों के माध्यम से बंजर भूमि विकास	864	गुजरात
8.	आई०एन०डी०/89/एम० 1/जी०टी० जैड०: बाल श्रम कार्रवाई और सहायता कार्यक्रम (क्लास्प)	830	नई दिल्ली

क्र०सं०	परियोजना संख्या और नाम	कुल बजट (अमरीकी डालर 000 में	परियोजना स्थल
9.	आई०एन०डी०/91/02 एम०/एफ०आर०जी० अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम उन्मूलन कार्यक्रम (आई०पी०ई०सी०)	3650	नई दिल्ली
10.	आई०एन०डी०/91/एम० 1/डी०ए०एन० मानबाजार ब्लाक-II प० बंगाल में श्रमोन्मुख ग्रामीण कार्यों और आय बढ़ाने वाले क्रियाकलापों के लिए स्थानीय क्षमता की सहायता व सुदृढ़ीकरण।	400	पश्चिम बंगाल
11.	इंड/91/एम० 2/एफ०ओ०आर० कृषिय गृह आधारित कार्य विषय पर अनुसंधान अध्ययन	15	महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश
12.	सेवा द्वारा भारत में गृह आधारित उजरती दरों के कर्मकारों को संगठित करने और उन्हें सहायता प्रदान करने के नए तरीकों का विकास	23	गुजरात
13.	ए०डी०/इंड/94: सामुदायिक नशा पुनर्वास और कार्य स्थल रोकथाम का विकास करना	1117	बंगलौर, बम्बई, कलकत्ता, इम्फाल, जोधपुर, लखनऊ, मद्रास, नई दिल्ली, पटना और पुणे।

II-पाइप लाइन में परियोजनाएं

क्र०सं०	परियोजना संख्या और उसका नाम	कुल बजट (अमरीकी डालर 000 में)	परियोजना स्थल
1.	इंड/92/005: खानों में स्वास्थ्य और सुरक्षा मानकों में सुधार करने के लिए मानव संसाधन विकास	955	धनबाद
2.	बधिर व्यक्तियों के लिए व्यावसायिक पुनर्वास और एकीकरण संबंधी पायलट कार्यक्रम	506	बम्बई

Revison of variable D.A. for Scheduled Employments

5887. SHRI BHAGABAN MAJHI: Will the Minister of LABOUR be plesed to state:

(a) whether Government have revised the variable Dearness Allowance for some scheduled employments;

(b) if so, what are those scheduled employments and the details of the revision;

(c) whether some Dearness Allowance instalments and Interim Relief are due for payment to the Central Government employees; and

(d) if so, the steps taken to release these payments?

THE MINISTER OF LABOUR (SHRI P.A. SANGMA): (a) and (b) Under the Minimum Wages Act, 1948, the Central Government is responsible for the fixation/revision of minimum rates of wages for the 40 scheduled